तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 5 अगस्त 2025

11 महिला संगठन ने धूमधाम से मनाया सावन उत्सव



12 अंतिम श्रावण सोमवार पर हुआ हर-हर महादेव का ...








हादसा : भूतेश्वरनाथ महादेव के दर्शन करने जा रहे थे सभी युवक

# सरगी नाले में गिरी तेज रफ्तार कार दो युवकों की हुई मौत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फिंगेश्वर से 2 किलोमीटर दूर राजिम मार्ग पर सरगीनाला मे तेज रफतार कार के गिरकर पलट जाने से दो लोगों की मौत हो गई और 3 घायल हैं। सभी युवक अपने नगर भटगांव से गरियाबंद के भूतेश्वरनाथ महादेव का दर्शन करने निकले थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना मे लिया है। सावन के अंतिम सोमवार को भगवान भूतेश्वरनाथ का दर्शन करने 5 युवक अपने ग्राम भटगांव से ब्रेजा कार क्रंमाक सीजी 04 एनओ 3753 से निकले थे और 4 अगस्त की रात 2 से 3 बजे के बीच उनकी कार तेज गति मे होने के कारण सरगी नाले के पुल ब्रेकर से टकराकर जंप करते हुए सीधे नाले मे गिर गई। नाले मे गिरने के साथ ही कार पलट गई। कार के गिरने से कार मे सवार चालक भटगांव निवासी पंकज दास पिता कार्तिक राम मानिकपुरी उम्र 33 वर्श एवं लोकेश पिता भागवत साहू उम्र 33 वर्श गंभीर रूप से घायल होकर दम तोड़ दिया वहीं पर उनके साथ बैठे राजेश कुमार आडिल 39 वर्श,ननकी साहू 38 वर्श एवं दयाराम यादव जो पीछे बैठे हुए थे गंभीर रूप से घायल हो गये।घायल युवको ने अपने घर मे फोन लगाकर घटना की जानकारी दी वहीं पर सुबह पुलिस को पता चलने पर थाना प्रभारी गौतम गायडे.के निर्देश पर पुलिस बल घटना स्थल पहुंचकर मृतको एवं घायलों को कार से निकाला एवं घायलों को अस्पताल भिजवाया।

■ सावन के अंतिम सोमवार को हुआ हादसा





### घटना पर नागरिकों ने जताया शोक

घायल की हालत देखते हुए अस्पताल में उन्हें रायपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घटना स्थल से जेसीबी के माध्यम से पलटी हुई कार को नाले से बाहर निकाला और थाने पहुंचवाया। घटना की जानकारी मिलते ही सड़क पर लोगों भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस ने मृतकों के घर वालों को घटना की जानकारी देकर फिंगेश्वर थाने बुलवाया एवं पीएम पश्चात शव परिजनों के हवाले किया। इस घटना को लेकर नगर के नागरिकों ने दुख प्रकट किया है।

# पति की हत्या, पत्नी और प्रेमी गिरफ्तार



### प्रेम प्रसंग के चलते वारदात को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

नगर पंचायत में प्रेम प्रसंग के चलते एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है, जिसमें पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

■ आरोपियों को भेजा गया जेल

थाना पाण्डुका से मिली जानकारी के अनुसार, कोपरा निवासी चुम्मन साहू की पत्नी प्रतिमा पटेल का पिछले कुछ महीनों से नगर के ही युवक दौलत पटेल से प्रेम संबंध था। जब यह बात चुम्मन को पता चली तो दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। कुछ दिन पहले चुम्मन ने अपनी पत्नी को उसके प्रेमी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था, जिससे घर में तनाव और बढ़ गया। इसके बाद प्रतिमा और दौलत ने चुम्मन को रास्ते से हटाने की साजिश रची। 26 जुलाई की रात को जब घर के अन्य सदस्य अपने-अपने कमरों में सो रहे थे। तब तकिया से दबाकर चुम्मन की हत्या कर दी गई। सुबह प्रतिमा ने चुम्मन की मौत का कारण अत्यधिक शराब सेवन बताया, ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के लिए वरदानः योगेश



**मैनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने कहा कि जब से छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव की सरकार बनी है, किसानों के समृध्दि के लिए ठोस कार्य योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। गांव- गांव पक्की सड़क के साथ ही स्वास्थ्य सुविधा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हुआ है। गरियाबंद जिले में हजारों की संख्या में प्रधानमंत्री आवास का निर्माण किया जा रहा है जिसके कारण लोगों को चेहरे में खुशी देखने को मिल रही है। विशेष पिछडी कमार जनजाति ग्रामों में भाजपा सरकार ज्यादा से ज्यादा आवास, मूलभूत बुनियादी सुविधाओं देकर उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का कार्य कर रही है।

# होटलों में दबिश, जांच के बाद कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

बरसात का मौसम और आने वाले त्योहारी सीजन को देखते हुए आज खाद्य सुरक्षा विभाग ने खाद्य सामग्री बेचने वाले संस्थानों में दबिश देना शुरू कर दिया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी इं पुष्पाराज चौहान,आशीष यादव और तरुण बिरला की टिम ने गरियाबंद बीकानेर से बर्फी, भवानी बीकानेर से मैसूर पार्क,कलाकंद और महेंद्रा होटल से गुलाब जामुन, पेड़ा,समोसा का सेंपल लिया है। टिम ने रेस्टोरेंट सिटी जायका का भी निरीक्षण किया जहां मिली गंदगी के बाद सफाई का ध्यान रखने और ड्रेनेज व्यस्था को सही करने का निर्देश जारी किया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ▶▶|शेष पेज 10 पर



दस सैंपल लिए

# शिक्षा के विकास से गांव समाज व राष्ट्र की उन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित व श्रीफल फोड़कर किया गया.तत्पश्चात प्राचार्य पूरन लाल साहू ने बताया कि पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने, उन्हें बच्चों की प्रगति से अवगत कराने। भविष्य की संभावनाओं का आंकलन कर समन्वय साधते हुए संयुक्त रूप से परिणाम उन्मुखी प्रयास करने हेतु पालक शिक्षक बैठक अति आवश्यक है। उन्होंने बैठक के उद्देश्य से अवगत कराते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के मंशानुरूप सत्र 2025–26 में बच्चों में शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ाने तथा बच्चों के शारीरिक,मानसिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय एवं पालक के साथ मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए संपूर्ण गतिविधियों से पालक एवं शिक्षक दोनों ही अवगत हो जिससे कि ▶▶|शेष पेज 10 पर



बिजली स्कूल में मेगा पालक शिक्षक बैठक



## खबर संक्षेप



### जलकुंभी से भरे सरार की अब हो रही सफाई : दीपक

**फिंगेश्वर।** नगर पंचायत की धरोहर कहे जाने वाले एकमात्र ऐसे प्राचीन सरार है जो विगत 15 सालों से कूड़ा दान में तब्दील हो गया था। जिसको लेकर प्राचीन ऐतिहासिक सरार की छवि धूमिल हो रही थी। कारण यह था कि इस सरार के पानी में विदेशी जलकुंभी ने अपनी मजबूत पकड़ से पूरी तरह से ढंक दिया था। पहले इस सरार के पानी मे कोई सिक्का भी फेंक देता था तो वह अंदर दिखाई देता था, लेकिन समय के साथ यह सब बंद हो गया। इस जलकुंभी की सफाई के लिए पूर्व विधायक संतोष्ज्ञ उपाध्याय ने पूर्व में करोड़ों रुपए की स्वीकृति कराई थी। लेकिन सरार की सफाई इच्छा शक्ति के अभाव मे जस की तस रही। आज नगर पंचायत फिंगेश्वर के वर्तमान अध्यक्ष राजेंद्र सूर्यवंशी व नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास और उनकी टीम ने महज 6 माह में सक्रियता दिखाते हुए इस काम को अंजाम देने लग गये है। स्वयं मॉनिटरिंग करते हुए सरार के विदेशी जलकुंभी को हटाकर पूर्व की स्थिति में लाकर प्राचीन ऐतहासिक सरार को स्वच्छता की ओर अग्रसर किया है। नगर अध्यक्ष श्री सूर्यवंशी ने कहा फिंगेश्वर के विकास मेरी पहली प्राथमिकता है अभी तो यह शुरुआत है। नगर विकास में आप सभी नगरवासियों के सहयोग से छोटी–छोटी मूलभूत सुविधाओं नाली,,पानी,बिजली पर ध्यान रखकर धर्मनगरी फिंगेश्वर को एक स्वच्छ सुंदर नगर बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

### महिलाओं को सॉफ्ट स्किल्स का दिया जा रहा है निःशुल्क प्रशिक्षण

**गरियाबंद।** लाईवलीहुड कॉलेज में नांदी फाउंडेशन द्वारा रोजगार कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 30 जुलाई से 6 अगस्त तक मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षणरत 60 महिला प्रशिक्षणार्थियों को सॉफ्ट स्किल्स, लाइफ स्किल्स, इंटरव्यू तैयारी एवं अन्य सहायक कौशलों का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदाय किया जा रहा है। छग राज्य कौशल विकास प्राधिकरण तथा नांदी फाउंडेशन के मध्य सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित युवाओं की रोजगार योग्यताओं को बढ़ाना एवं आजीविका के साधनों और आर्थिक सुरक्षा में सुधार लाने के लिए एमओयू किया गया है। जिसके अंतर्गत नांदी फाउडेशन के प्रशिक्षक अंकित कपूर एवं बिरसिंह चतुर्वेदी द्वारा छात्राओं को लाईवलीहुड कॉलेज में प्रशिक्षण प्रदाय किया जा रहा है।

### झलप के ढाबा में मारपीट

**महासमुंद।** झलप के ढाबा में खाने का पेमेंट करने से मना करने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में पटेवा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रताप मन्नाडे निवासी ग्राम बरभाठा ने बताया कि 3 अगस्त की रात करीबन 11 बजे वह समाज प्रमुख महेंद्र कोसरिया, मयाराम टंडन व अन्यअ लोगों के साथ सीजी 06 फैमिली ढाबा झलप खाना खाने गये थे। ढाबा में डुमरपाली के

**श्रद्धा-भक्ति:** भक्त हुए भावविभोर, बोल बम से गुंजायमान रहा वातावरण

# सावन की रात भूतेश्वरनाथ में दिखा अलौकिक नज़ारा, लेजर लाइट शो में झलकीं शिव की गाथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

- भोजन, सेवा और भक्ति में डूबी भूतेश्वरनाथ युवा भंडारा समिति की अनोखी पहल

सावन के पवित्र माह में जब सम्पूर्ण वातावरण "बोल बम" की गूंज से भक्तिमय हो उठा है, तब गरियाबंद के विश्व प्रसिद्ध श्री भूतेश्वरनाथ महादेव मंदिर में शिवभक्तों की आस्था ने नई ऊँचाई छू ली। 3 अगस्त की रात श्री भूतेश्वर युवा भंडारा समिति द्वारा आयोजित लेजर लाइट एवं डीजे साउंड शो ने श्रद्धा और तकनीक के अद्भुत संगम का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। शिवलिंग पर जब रंग-बिरंगी लेजर किरणों ने शिव महिमा की छवि उकेरी, तो मानो खुद कैलाश यहाँ उतर आया हो। लेजर लाइट के ज़रिए भूतेश्वरनाथ पर उकेरी गई कलाकृतियों ने दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। शो में शिव तांडव, देवी दर्शन, रामभक्ति, हनुमान लीला और देशभक्ति से जुड़े मनोहारी दृश्य प्रस्तुत किए गए। लेजर लाइटिंग ने सिर्फ प्रकाश नहीं बिखेरा, उसने श्रद्धा को दृश्य रूप दिया। डिजिटल साउंड के साथ शिव भजनों की गूंज ने मंदिर प्रांगण को आध्यात्मिक थिरकन से भर दिया। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मंत्रमुग्ध होकर भजनों पर झूमते हुए भोलेनाथ का गुणगान किया। देर रात तक चला यह शो, सिर्फ मनोरंजन नहीं, एक भक्ति-उत्सव बन गया।





**इनका रहा सहयोग**

समिति के अध्यक्ष दीप सिन्हा, अजय सिन्हा, पंकज सिन्हा, रिकी गुप्ता, प्रकाश सोनी, अनुराग केला, विक्की सिन्हा, भानु राजपूत, प्रेमचंद देवांगन, तरुण यादव, भावेश सिन्हा, युगल शर्मा, रोहन सिन्हा, प्राँजल ठाकुर, गौरव पटेल, लव पांडे कुश पांडे, अमित बखारिया, विकास साहू, सुलभ यादव, जितेंद्र यादव, सुनील यादव, क्षितिज गुप्ता, आदित्य यादव, आशु राजपूत, आशु कंसारी सहित अन्य युवाओ ने सहयोग प्रदान किया।

**भंडारा सेवा: केवल भोजन नहीं, समर्पण की पराकाष्ठा–** समिति के अध्यक्ष दीप सिन्हा ने बताया कि इस आयोजन की शुरुआत वर्षों पहले कुछ युवाओं के छोटे से समूह से हुई थी, जो अब एक विशाल सेवा परिवार बन चुका है। प्रत्येक रविवार को समिति के सदस्य अपने हाथों से पुलाव, चना-सब्ज़ी और हलवा बनाते हैं। 10,000 से अधिक श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक प्रसाद परोसते हैं। यह भोजन नहीं, श्रद्धा और अपनत्व का प्रसाद है। इस वर्ष समिति ने सेवा को और विस्तारित करते हुए प्राथमिक चिकित्सा किट और दवाइयों की भी व्यवस्था की। सैकड़ों किलोमीटर की पदयात्रा कर आने वाले कांवड़ियों के लिए यह सेवा किसी वरदान से कम नहीं।

**भक्ति का अर्थ – सेवा में समर्पण–** श्रद्धालुओं का विश्वास है कि जो भी भूतेश्वरनाथ के चरणों में सच्चे हृदय से निवेदन करता है, उसकी हर मुराद भोलेनाथ पूरी करते हैं। यहाँ शिव केवल पूजे नहीं जाते बल्कि अनुभव किए जाते हैं।

## सावन में शिवभक्ति का उल्लास भक्तों को किया प्रसादी वितरण

**गरियाबंद।** सावन के पावन माह में शिवभक्ति का ज्वार चरम पर है। रविवार को जिला मुख्यालय के पुराने फॉरेस्ट नाका स्थित काली मंदिर के समीप श्रीराधे नवल किशोरी महिला मानस समिति द्वारा भव्य प्रसादी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

धर्मप्रेमियों की इस सेवा भावना के तहत भगवान भूतवाहन भूतेश्वर भोलेनाथ के भक्तों को प्रसादी स्वरूप पोहा, चना एवं शुद्ध पेयजल के पाउच वितरित किए गए। समिति की संयोजिका श्रीमती मंजरी गुप्ता ने जानकारी दी कि यह प्रसादी वितरण समिति द्वारा लगातार तीसरे वर्ष किया जा रहा है, जो अब एक वार्षिक धार्मिक परंपरा का रूप ले चुका है। बताया गया कि गरियाबंद से मात्र तीन किलोमीटर दूर स्थित बाबा भूतेश्वर नाथ धाम में सावन माह में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। विशेषकर कांवर यात्रा के दौरान दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं की ऐतिहासिक संख्या देखी गई। भक्तजन बाबा के दर्शन करने के लिए कांवड़ में गंगाजल भरकर मंदिर तक पहुंचते हैं। आज के दिन, पूरे मार्ग में हर जगह भक्ति का वातावरण और "बोल बम" के जयघोष गूंजते रहे।



सावन भगवान शिव को विशेष प्रिय है। इस माह में हर सोमवार को विशेष पूजा, रुद्राभिषेक और जलार्पण का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि इस दौरान शिवभक्तों की सेवा करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और पुण्य फल प्रदान करते हैं।

इसी श्रद्धा और भक्ति के साथ आज श्रीराधे नवल किशोरी महिला मानस समिति ने भक्तों की सेवा का संकल्प लिया और शिवभक्तों के लिए जलपान की समुचित व्यवस्था की। समिति के सदस्यों ने पूरे आयोजन में तन-मन-धन से सहयोग कर सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

**इन्होंने दी सेवा–** इस सेवा के भागीदार श्रीमती मंजरी गुप्ता, हेमलता सिन्हा,कुसुम लता सिन्हा,विमला साहू,शशिप्रभा सिन्हा,अभिलाषा उपाध्याय, सुमन बद्रीप्रसाद देवांगन, चित्ररेखा वर्मा,श्यामबती साहू,अनुराधा निर्मलकर,लोकेश्वरी पाल,सुमन नारायण देवांगन,पुष्पा यादव,मंजू दुबे,नेहा



यादव,दीपा साहू,वंदिता यादव,रेखा सिन्हा यादव दाई आदि धर्मप्रेमी समिति सदस्यों ने अपनी सेवा अर्पित की।

## अतरमरा संकुल की सभी शालाओं में हुई पालक व शिक्षकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

नई शिक्षा नीति 2020 की मंशा अनुरूप एवं राज्य सरकार के निर्णय अनुसार,जिला शिक्षाधिकारी जगजीत सिंह धीर,जिला मिशन समन्वयक शिवेश शुक्ला के आदेशानुसार,संकुल प्राचार्य बी देवांगन,संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा के मार्गदर्शन में 4 अगस्त को विद्यालय स्तर पर प्रथम शिक्षक - पालक बैठक का आयोजन किया गया। पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने, बच्चों की प्रगति से अवगत कराने एवं बच्चों में भविष्य की संभावना का आकलन कर पालकों के साथ समन्वय स्थापित करने उच्च प्राथमिक शाला रजनकटा के शिक्षक एवं पालकों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक का शुभारंभ सरपंच तेजकुंवर कंडरा, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष खेमेश्वरी साहू ग्राम के वरिष्ठ नागरिक भीखम निषाद प्रधानपाठक आरसी ध्रुव व धनेश्वरी मुरचुलिया ने मां सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप



प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मानिक साहू ने किया। प्रधान पाठक आर सी ध्रुव, धनेश्वरी मुरचुलिया, शिक्षक चेतन ध्रुव, नगमा खान, मानिक साहू, गोदावरी साहू, ताम्रजध्वज साहू द्वारा बैठक में 11 विषयों जिसमें घर का वांतावरण, छात्र दिनचर्या,बच्चों ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा, बस्ता रहित शनिवार, विद्यार्थियों के कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी,जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र, न्योता भोज , विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं विभागीय योजनाओं की जानकारी छात्रवृत्ति,पास्को एक्ट 2012 का व्यापक प्रचार-प्रसार आदि विषय पर चर्चा किया गया। वही विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से शिक्षा दीक्षा एप ई जादुई पिटारा डिजिटल लाइब्रेरी उल्लेखित सभी एप को प्लेस्टोर से मोबाइल में डाउनलोड करने पालकों को कहा गया।

**ये रहे उपस्थित–** बैठक में शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष खेमेश्वरी साहू सरपंच ग्राम पंचायत रजनकटा तेजकुंवर कंडरा, भीखम निषाद खेमलता साहू, ओमेश्वरी साहू, पुर्णिमा साहू, गायत्री निर्मलकर,सरिता निर्मलकर, डोमन निर्मलकर, कौशल यादव,शानू साहू कुमार निषाद,भीषम निर्मलकर आदि उपस्थित रहे।

## भारतमाता वाहिनी के माध्यम से नशे के खिलाफ लोगों को करें जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कलेक्टर बी.एस. उइके एवं पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने आज कलेक्ट्रोरेट सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति एवं नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने आमजनों की जान-माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। शराब पीकर वाहन चलाने वाले पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने बैठक में जिले के सड़क सुरक्षा के लिए अपनाए जाने वाले प्रावधानों एवं सड़कों पर होने वाले दुर्घटनाओं को रोकने के लिए किये जाने वाले उपायों पर विस्तृत चर्चा की और अपनाने कहा। दुर्घटना संभावित स्थानों एवं ब्लैक स्पॉट की पहचान कर आवश्यक सुधार किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि खुले वाहनों में लोगों के परिवहन करने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। लोगों को खुले वाहनों में परिवहन न



सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

करने के समझाइश देने गांवों में मुनादी कराने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग एवं सहायक सड़कों के दुर्घटनाजन्य वाले स्थानों को चिन्हित कर रंबल स्ट्रिप बनाने, आवश्यक स्थानों पर साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने सड़कों एवं पुल-पुलियों के पास यातायात संकेतक, चेतावनी, ट्रैफिक कॉलिंग हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस विभाग द्वारा बताया गया कि यातायात पुलिस द्वारा जिले के नेशनल हाईवे रोड व राज्य मार्ग एवं अन्य रोड पर दुर्घटना जन्य स्थानों का निरीक्षण कर मोड़ वाले स्थान व पुल पुलिया वाले स्थानो पर आवश्यकता अनुसार झाड़ियों को हटाकर रास्ते को दृश्य योग्य बनाकर रोड किनारे पेड़ों पर रेडियम टिकली लगाया गया है। दुर्घटनाजन्य स्थानों का संयुक्त टीम जिला परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, राजकीय राजमार्ग विभाग, पी.डब्लूय.डी. विभाग, लोक निर्माण विभाग के द्वारा समन्वय स्थापित कर सुधार योग्य स्थानों पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

**नशामुक्ति के लिए लोगों को करे जागरूक –** कलेक्टर श्री उइके ने नशामुक्त भारत अभियान समिति की बैठक में लोगों को नशा के खिलाफ जागरूक करने गठित भारत माता वाहिनी को सक्रिय करने के निर्देश दिये। साथ ही समिति के माध्यम से तथा स्वास्थ्य, शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग के समन्वय से नशे के खिलाफ व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्कूल, कॉलेजों एवं सार्वजनिक संस्थानों में भी नशा के खिलाफ लोगों को जागरूक करने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने के निर्देश दिये। उन्होंने भारत माता वाहिनी समूह के सदस्यों एवं वालेंटियरों को आवश्यक प्रशिक्षण दिलाने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने नशामुक्ति के लिए संचालित नशामुक्ति केन्द्र की जानकारी लेकर केन्द्र में लोगों की उपस्थिति एवं उन्हें दिये जाने वाले काउंसलिंग के वस्तुस्थिति की भी जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

**कनसिघी में बिहान महिला समूह की वार्षिक सम्मेलन**

## महिलाओं को सशक्त बनाना, उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित करना ही उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत आदर्श महिला कलस्टर संगठन कनसिघी में 3 अगस्त को वार्षिक आमसभा सह महिला सम्मेलन का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजन आदर्श महिला कलस्टर संगठन कनसिघी द्वारा आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य मिलन्तीन कुंजाम, अध्यक्षता सरपंच भोजराज नागेश, विशेष अतिथि उपसरपंच घनश्याम चन्द्राकार, ग्राम पटेल गोवर्धन नागेश उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतमाता और छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। क्लस्टर संगठन के पदाधिकारियों द्वारा प्रार्थना गीत गाकर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। क्लस्टर के अध्यक्ष जागेश्वरी ठाकुर, सचिव मोहिनी साहू, कोषाध्यक्ष सेवती ठाकुर,लेखापाल यमुना ध्रुव, आरबीके द्रोपदी साहू ने बताया कि इस



सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना,उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित करना। उन्हें एक दूसरे के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करना है। इस कड़ी में कलस्टर द्वारा वर्ष 24 -25 का लक्ष्य एवं उपलब्धियां,आडिट रिपोर्ट, पदाधिकारी का बदलाव सीएलएफ पंजीयन के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। ग्राम संगठन पदाधिकारियों द्वारा ग्राम संगठन का जानकारी पढ़कर सुनाया गया। लखापति दीदी सफलता की कहानी, आजीविका सफलता की कहानी सहित संगठन के गतिविधियों के बारे में प्रमुखता से जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जनपद सदस्य मिलन्तीन कुंजाम ने समूहों की सफलताओं और समस्याओं पर संवाद किया। उन्होंने कनसिघी क्लस्टर की महिलाओं द्वारा किए गए सफल कार्यो व योजनाओं को विस्तार से सुनी और सहारा। अध्यक्षता कर रहे सरपंच भोजराज नागेश ने कहा बिहान योजना से जुड़कर आजीविका संवर्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने मंच से दीदियों को संबोधित करते हुए कहा आप लोगों की यह संख्या एक बडे मार्केट की तरह है। यदि हर परिवार किसी समूह का उत्पाद खरीदें, तो अपने आप एक स्थायी बाजार बन जाएगा। सरपंच ने दीदियों की हर समस्या में साथ खड़े रहने का आश्वासन के साथ क्लस्टर संगठन को आमंत्रण के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में सभी दीदियों ने सहभागिता निभाई और सुनहरे पल को सामूहिक फोटो के रूप में संजोया गया। कार्यक्रम का समापन आत्मीय संवाद,प्रेरणादायी संबोधन और सामूहिक सहभागिता के साथ हुआ, जिसने कनसिघी आदर्श महिला क्लस्टर में बिहान की शक्ति और संभावनाओं को फिर से महिलाओं को उनके उचित अधिकार देना, उन्हें सशत्त बनाने और जीवन को बेहतर बनाने का संकल्प लिए। इस कार्यक्रम में कनसिघी,दादरगाव नया, रसेला,कुडेरादादर, मेडकीडबरी, सिवनी, कोठी गांव,कामराज,सुरगपानी, मुढीपानी,पड्रीपानी गोंड,खरखरा,देवरी,पेन्ड्रा तिलाईदादर सहित कनसिघी क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले समूह की महिलाएं मौजूद थे।

पेज 9 के शेष...

### पति की हत्या...

जिसे परिजनों ने शुरू में आकस्मिक मृत्यु मान लिया। हालांकि, परिजनों को पहले से ही प्रतिमा पर शक था। उन्होंने सोमवार को पाण्डुका थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिमा और उसके प्रेमी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें दोनों ने हत्या की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### होटलों में दबिश...

पुष्पा राज चौहान ने बताया कि अभियान जिले भर में तीन दिनों तक चलेगा,जब्त नमूना अवमानक या असुरक्षित पाया गया तो खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही की जायेगी

बने ख़ाबो बने रहीबो_ इस अभियान की शुरुआत आज प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ने किया है। 9 चलती प्रयोगशाला को हरि झंडी रवाना किया गया है। तीन दिनों तक खाद्य सुरक्षा विभाग की टिम रोजाना 10 से ज्यादा सैंपल कलेक्ट कर उसकी जांच कराएगी। साथ साथ सुरक्षित खाद्य सामग्रियों के प्रति विक्रेता और उपभोक्ता दोनों को जागरूक करने का काम करेगी।विभाग इस दरम्यान मिलावटी और अमानक खाद्य पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही भी करेगी।

### शिक्षा के विकास...

बच्चों को सतत प्रेरणा एवं सही समय पर उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जा सके। वहीं घर में ऐसा वातावरण तैयार करें,जहां बच्चों को पढ़ाई में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। बच्चों ने स्कूल में क्या सीखा ? इसकी जानकारी ले।उनकी अकादमी प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा करें। अच्छे अंक लाने के लिए प्रोत्साहित करें। बच्चों के सामने अपने विचार व्यक्त करें ताकि उनमें भी बेझिझक बोलने का क्षमता विकसित हो। पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करें। शासन द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग में स्कूल स्तर में बस्ता रहित शनिवार के माध्यम से सीखने योग्य गतिविधियों,सांस्कृतिक कार्यक्रमो,खेलकूद का आयोजन करने। बच्चों के आयु तथा कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी देने,जाति,आय,निवास प्रमाण पत्र बनवाने, जिससे कि बच्चों को भविष्य में किसी प्रकार की तकलीफ ना हो। न्योता भोज के लिए प्रेरित करने जिससे कि शुभ अवसरों में बच्चों को पौष्टिक व रुचिकर भोजन उपलब्ध हो। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं व छात्रवृत्ति सम्बन्धित विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ ही विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से पढ़ाई के बारे में जानकारी प्रदान की।

## खबर संक्षेप



### देहारगुड़ा रंगमंच का विधायक जनक ध्रुव ने किया लोकार्पण

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 6 किलोमीटर दुर देहारगुड़ा में सांस्कृतिक गतिविधियों को नया आयाम देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया जब क्षेत्रीय विधायक जनक धुरव ने भव्य समारोह में नव–निर्मित रंगमंच का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, कलाकार, गणमान्य अतिथि और पत्रकार उपस्थित थे। फीता काटकर और दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन करते हुए विधायक महोदय ने कहा यह रंगमंच हमारे क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संजोने और उभरते कलाकारों को मंच देने का कार्य करेगा। हमारी सरकार कला, साहित्य और संस्कृति के प्रोत्साहन के लिए सदैव प्रतिबद्ध है,अपने उद्बोधन में विधायक ने ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों के सराहना करते हुए कहा कि यहां के पंचायत के प्रतिनिधि ग्रामीण बहुत संगठित है जिसके कारण बहुत ही कम समय में यह रंग मंच तैयार हो पाया है मैं इस ग्राम में रंगमंच के सामने चेकर टाइल्स के लिए 50 हजार का घोषणा करता हूं साथ ही ग्राम गिरहोला के देव गुड़ी के लिए घोषणा किये। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच महेश दीवान, ग्राम पटेल पवन दीवान, भूतपूर्व सरपंच देवन नेताम, प्रधान पाठक चित्रसेन पटेल,राम प्रसाद दीवान, जुगलाल दीवान, सदा राम , अमीरचंद ,लीलाधर दीवान ,संजय दीवान, सोहन नागेश, बंशीलाल यादव, ताराचंद मरकाम, अशोक साण्डे, रजींत दीवान, गाड़ाराय दीवान, सेवन दीवान, के अलावा ग्रामीण जन उपस्थित थे। ग्राम देहारगुड़ा पहुचे विधायक जनक धुरव का ग्रामीणों ने गाजे बाजे के साथ ऐतिहासिक स्वागत किया ।

### धुरवागुडी आश्रम में हुआ पालक शिक्षक सम्मेलन

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के अनु. जाति बालक आश्रम धुरवागुड़ी में पालक शिक्षक सम्मेलन का बैठक रखा गया। जिसमें जाति प्रमाण पत्र बनाने पर चर्चा, पाठ्य पुस्तक और गणवेश वितरण की जानकारी दी गई, स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम पर चर्चा किया गया, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन किया गया ,विद्यालय के कार्य योजना पर चर्चा किया गया इस बैठक में शाला विकास समिति का अध्यक्ष खोतलु राम ऑन्टी, उपाध्यक्ष श्रीमती रायमनी नेताम ,प्रधान पाठक श्री आनंद कुमार साहू शिक्षिका श्रीमती संतोषी धुरव एवं अन्य सदस्य ,पालकगण एवं स्टाफ कर्मचारिया उपस्थित थे,वही दुसरी ओर प्राथमिक शाला बेसराझर में पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया इस दौरान प्रधान पाठक सुखराम नागेश, शिक्षिका भुने"वरी नागेश, सचिव प्रेम धुरव, श्रीमती हिरौंदी ठाकुर, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष रतिराम नेताम, उपाध्यक्ष रामलाल सोरी, देवलाल नेताम, झगरूराम नेताम, मंगल सोरी, बुधराम नेताम, अमरलाल नेताम, जानकी बाई सहित बडी संख्या में पालक गण उपस्थित थे।

## आयोजन : सावन में शिव उपासना से पूरी होती है मनोकामना : कांति देवी साहू

# महिला संगठन ने धूमधाम से मनाया सावन उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

■ महिलाओं ने उठाया खेल, नृत्य और झूले का आनंद

नगर के महिला संगठन द्वारा सावन उत्सव का आयोजन किया गया। कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित सावन उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांति देवी साहू, विशेष अतिथि देहुती साहू, ऋतु वर्मा थी। कार्यक्रम का आरंभ भगवान शिव एवं पार्वती के आराधना से किया गया। महिलाओं के लिए खेल एवं कई मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मंडी परिसर में आकर्षक सावन झूला लगाया गया था। महिलाओं ने सावन झूला झूलने का खूब लुफ्त उठाया। नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, योगिता-डॉ के. आर सिन्हा, लोमेश्वरी साहू, निर्मला साहू, पूजा कंसारी, जीना निषाद, केकती सोनवानी के नेतृत्व में आयोजित सावन उत्सव में महिलाओं ने बड़े उत्साह के साथ बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, मटका फोड़ में महिलाओं को अपने प्रतिभा एवं हुनर दिखाने का मौका मिला। महिला संगठन द्वारा आयोजित कुर्सी दौड़ में सावित्री निषाद, दमेश्वरी साहू, जानकी यादव, मटका फोड़ में सुनीता कंसारी , नींबू दौड़ में चम्मच रेस में धनेश्वरी तारक, जानकी साहू, सुषमा साहू विजेता रहे। विजेताओं को अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू, कांति देवी साहू, देहुती साहू, ऋतु वर्मा के हाथों पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पदमिनी सोनी, लता ताडिया, कुसुम सोनी, लक्ष्मी तिवारी, गोमेश्वरी साहू, धनमती साहू, साधना सौरज, नीता धीवर दुकालहीन साहू, किरण सोनी, उमा कंसारी, प्रभा बासवार, गीता राजपूत एवं ग्रीन आर्मी टीम की विशेष सहभागिता रही।





### सावन शिव भक्ति, हरियाली एवं उत्साह का मास : ओमकुमारी

इस अवसर पर विशेष रूप से मौजूद नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने सावन उत्सव की बधाई देते हुए कहा कि सावन महीने का हम सभी को बेसब्री से इंतजार रहता है। सावन की हरियाली उत्साह का प्रतीक है। सावन में भोले नाथ एवं माता पार्वती की उपासना का सबसे उत्तम समय है। उन्होने भगवान शंकर, माता पार्वती से नगर के खुशहाली की कामना की।

### सावन हरियाली का माह : डॉ योगिता

भाजपा नेत्री योगिता सिन्हा ने सावन माह को शिव भक्ति एवं उल्लास का माह बताया। उन्होंने महिलाओं को स्वालंबी एवं दृढ़ इच्छाशक्ति से कार्य करने एवं महिलाओं के लिए चलाए जा रहे शासन की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया। सावन माह की हरेली एवं भादो में महिलाओं के विभिन्न तीज त्यौहार राखी, पोला, तीज त्यौहार के लिए सभी को शुभकामनाए दी।

### सभी क्षेत्रो में महिलाओं का योगदान प्रशंसनीयः इंद्रकुमार

पुरस्कार वितरण करते हुए विधायक इंद्रकुमार साहू ने महिला संगठन द्वारा आयोजित सावन उत्सव की खूब प्रशंसा की। विधायक श्री साहू ने महिलाओं की सभी क्षेत्रों में योगदान को खूब सराहा। कहा कि महिलाएं खेल, शिक्षा, राजनीति, अनुसंधान, रक्षा में बढ़ चढकर अपनी हिस्सेदारी निभा रही है। मुख्य अतिथि कांति देवी साहू ने उपस्थित सभी महिलाओं को सावन, मित्रता दिवस, राखी, तीजा-पोला पर्व की शुभकामनाएं

# सेजेस विद्यालय में छात्रसंघ का चुनाव हुआ, पदाधिकारियों किया शपथग्रहण

**100 छात्रों ने नामांकन भरा एवं चुनाव बैलेट पेपर के माध्यम से हुआ, आतिफ मेमन बने हेड बॉय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा







सेजेस अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में छात्रसंघ चुनाव के उपरांत सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ, जिसमें नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों, चारों हाउसों के कप्तानों, विभागीय पदाधिकारियों एवं कक्षा प्रतिनिधियों ने विद्यालय अनुशासन, नेतृत्व और छात्रहित में कार्य करने की शपथ ली। इस वर्ष के छात्रसंघ चुनाव में लगभग 100 छात्रों ने नामांकन भरा था एवं चुनाव विधिवत रूप से बैलेट पेपर के माध्यम से संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया से छात्रों में नेतृत्व क्षमता, लोकतांत्रिक सोच, उत्तरदायित्व निभाने की भावना तथा आत्मविश्वास विकसित होता है। यह उन्हें भविष्य में एक जागरूक नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रदीप कुमार मिश्रा ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्रसंघ विद्यार्थियों में जिम्मेदारी और आत्मविश्वास का संचार करता है। शपथ ग्रहण समारोह में बच्चों को बैज पहनाकर उन्हें अपने कार्य की पूरी निष्ठा से पालन करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्याता दिवस कुमार यादव एवं देवेश चंद्राकर ने विद्यार्थियों को शपथ दिलाई।

छात्रसंघ पदों पर आतिफ मेमन को हेड बॉय, लीना कंवर को हेड गर्ल, गोपिका सोनवानी को वाइस हेड गर्ल चुना गया। हाउस प्रतिनिधियों की बात करें तो रेड हाउस में हायर सेक्शन के लिए देशांत कुमार कप्तान और गरिमा अग्रवाल उपकप्तान चुने गए, वहीं मिडिल सेक्शन में लीना सेवई कप्तान और हिमांशी साहू उपकप्तान बनीं। ब्लू हाउस में हायर सेक्शन से ख्याति शर्मा कप्तान और निशा निषाद उपकप्तान, जबकि मिडिल सेक्शन से तनिशा सोनवानी कप्तान और तान्या देवांगन उपकप्तान रहीं। येलो हाउस में हायर सेक्शन से टेमेश सिन्हा कप्तान और हिमानी साहू उपकप्तान, मिडिल सेक्शन से रूपल दीवान कप्तान और रेबिका चौहान उपकप्तान निर्वाचित हुए। ग्रीन हाउस में हायर सेक्शन से आयुषी चंद्राकर कप्तान और यशस्वी ठाकुर उपकप्तान, जबकि मिडिल सेक्शन से लहीम खान कप्तान और सौम्या कुर्रे उपकप्तान चुने गए।

विभागीय पदाधिकारियों में खेल विभाग से लक्की साहू को स्पोर्ट्स कैप्टन तथा संकेत नागदेव को वाइस कैप्टन चुना गया। सांस्कृतिक विभाग में काजल कंवर को कल्चरल कैप्टन और खुशी सेवई को वाइस कैप्टन बनाया गया। अनुशासन विभाग में अक्षत जैन को डिसिप्लिन कैप्टन और डुमेश्वरी यादव को वाइस कैप्टन नियुक्त किया गया। स्वच्छता विभाग से कृष देवांगन को क्लीनलिनेस कैप्टन तथा योगेश निर्मलकर को वाइस कैप्टन चुना गया।

कक्षा प्रतिनिधियों के रूप में कक्षा 12वीं से शेख जाबिर और तानिया चंद्राकर, 11वीं से दुर्गेश्वरी साहू और पीयूष साहू, 10वीं से लोकप्रदीप साहू और आयुष साहू, 9वीं से प्रयाग कंसारी और अदिति निर्मलकर, 8वीं से बुशरा परवीन और वैभव लक्की साहू, 7वीं से अंशु चंद्राकर और लिबान खान, तथा 6वीं से वारिया साहू और मान्यता मेहता को क्रमशः कप्तान और उपकप्तान के रूप में चुना गया।

समस्त कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के व्याख्याता बिनेश कुमार डनसेना के द्वारा किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सी. आर. सिन्हा अध्यक्ष, बी. एल. तारक सदस्य और अशोक जैन सदस्य) उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि सी. आर. सिन्हा ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि विद्यालयी नेतृत्व अभ्यास छात्रों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास का आधार है। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों को भविष्य में समाज के सजग और जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार करती हैं।

### बच्चों के प्रदर्शन से खुश हुए अभिभावक, शिक्षा में सुधार पर हुआ विचार-विमर्श

# नवीन प्राथमिक शाला लोहरसी में हुई पालक-शिक्षक बैठक

**सभी पालकों ने शिक्षकों का जताया आभार, कहा- 'बच्चों की शिक्षा पर और जोर दें'**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा



शासन के निर्देशानुसार सोमवार को नवीन प्राथमिक शाला लोहरसी में एक महत्वपूर्ण पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बड़ी संख्या में पालक, शिक्षक और छात्र एक साथ आए, ताकि बच्चों की शिक्षा में आपसी सामंजस्य स्थापित किया जा सके।

बैठक का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर पुष्प, चंदन और धूप अर्पित कर किया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने मधुर आवाज में स्वागत गीत प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर सभी पालकगण भावुक हो गए और तालियां बजाकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। बैठक में बारी-बारी से पालकों और शिक्षकों ने बच्चों के भविष्य और उनकी शिक्षा को बेहतर बनाने पर गहन विचार-विमर्श किया। पालकों ने अपनी बात रखी, वहीं शिक्षकों ने भी बच्चों की कमजोरियों से उनके अभिभावकों को अवगत कराया।

**बच्चों ने दिखाया अपना हुनर-** बैठक के दौरान बच्चों ने कविता पाठ और भाषण भी दिया, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रधान पाठक सालिक राम साहू ने सभी पालकों का गुलाल लगाकर स्वागत किया। पालकों ने बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता को स्वयं जांचा, जिसमें बच्चों ने सुंदर ढंग से अपनी शिक्षा का प्रदर्शन किया। बच्चों के प्रदर्शन से खुश होकर अभिभावकों ने खुशी जताई और शिक्षकों से बच्चों की पढ़ाई पर और अधिक ध्यान देने का आग्रह किया।

**ये रहे उपस्थित-** इस बैठक को सफल बनाने में शाला समिति अध्यक्ष पुरानीक साहू, उपसरपंच निलेश टंडन, मुकेश सेन, यशवंत ढीढ़ी, लीला निषाद, परस निर्मलकर, पंचू तारक, बिसमत साहू, केकती ध्रुव, प्रधान पाठक सालिक साहू और शिक्षक मनोज पटेल व डेकर सर सहित बड़ी संख्या में पालक मौजूद रहे। सभी पालकों ने शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।



# अर्धनारेश्वर शिव मंदिर में किया गया जलाभिषेक

**मुड़ागांव(कोरासी)।** श्रावन मास के अंतिम सोमवार 4 अगस्त को छुरा विकास खण्ड के अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत सोरिद खुर्द से लगभग दो किलोमीटर की दुरी पर स्थित प्राचीन 8 वी शताब्दी के प्राचीन मुर्तियां विराजमान रमई पाठ धाम में प्राचीन अर्धनारेश्वर शिव मंदिर में भगवान शिव जी का जल अभिषेक पुरोहित पंडित एवं रमई पाठ सेवा समिति व उपस्थित श्रद्धालुओं ने किया।सावन मास के चौथे व अन्तिम सोमवार में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन पहुंचे और जल अभिषेक किया।

# आईएसबीएम विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं को प्लेसमेंट के लिए मिला प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

■ सॉफ्ट स्किल्स, इंटरव्यू तकनीक, ग्रुप डिस्कशन, रिज़्यूमे बिल्डिंग और कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन की दी जानकारी

आईएसबीएम विश्वविद्यालय, में विद्यार्थियों को व्यावसायिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक विशेष प्लेसमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न संकायों के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सॉफ्ट स्किल्स, इंटरव्यू तकनीक, ग्रुप डिस्कशन, रिज़्यूमे बिल्डिंग, और कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा, छात्रों को मॉक इंटरव्यू के माध्यम से वास्तविक प्लेसमेंट प्रक्रिया का अनुभव भी कराया गया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के प्रमुख कॉर्पोरेट विशेषज्ञों और मानव संसाधन प्रबंधकों को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा किए और उन्हें वर्तमान उद्योग की मांगों के अनुरूप तैयार होने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। 9 इनोवी सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमटेड के सलाहकार मंडल के सदस्य अक्षत दीक्षित ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि किसी भी कंपनी में नौकरी पाने के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि कंपनियां सिर्फ डिग्री नहीं देखतीं, बल्कि व्यक्तित्व, संवाद कौशल, विषयगत जानकारी, टीम वर्क और आत्मविश्वास जैसी क्षमताओं को भी परखती हैं। उन्होंने साक्षात्कार (इंटरव्यू) का सामना करने के लिए कुछ उपयोगी सुझाव दिए— जैसे कि स्वयं को अच्छी तरह तैयार करना, समय का प्रबंधन, और सकारात्मक दृष्टिकोण रखना।

### हमारा उद्देश्य रोजगारोन्मुखी बनाना

आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद महलवार ने कहा, हमारा उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि छात्रों को रोजगारोन्मुखी बनाना है। यह प्लेसमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम उसी दिशा में एक ठोस कदम है। कार्यक्रम में मानव संसाधन विभाग के प्रमुख के. पी. कृष्णा ने विभिन्न कंपनियों के एचआर प्रतिनिधियों का संक्षिप्त परिचय दिया और बताया कि वर्तमान समय में इंडस्ट्री किन योग्यताओं की तलाश करती है। विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट एवं ट्रेनिंग ऑफिसर श्री निरंजन निकुम्भ ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## गांव के विकास के लिए रखी गई कई मांगें, विधायक ने की 17 लाख के कार्यों की घोषणा

# पक्तिया में खुला आयुष्मान आरोग्य मंदिर, विधायक रोहित ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

■ 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत, 20 करोड़ के विकास कार्य जल्द शुरू होंगे : विधायक

छुरा जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत पक्तिया में रविवार, 3 अगस्त को आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केंद्र) का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू उपस्थित रहे। उन्होंने फीता काटकर स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ किया, जिससे अब गांव के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत छुरा की अध्यक्ष मीरा वेशनारायण ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी और सरपंच लता भूपेंद्र ध्रुव मौजूद रहीं। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का फूल-माला और गुलाल से भव्य स्वागत किया गया।

### विधायक ने की घोषणाएं, एक सप्ताह में शुरू होंगे कार्य

ग्रामीणों की मांगों पर विधायक रोहित साहू ने आश्वासन देते हुए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने बताया कि गांव में 14 लाख रुपए के टीना शेड और 3 लाख रुपए के रंगमंच का विकास कार्य स्वीकृत हो चुका है और एक सप्ताह में इसका काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में कुल 320 गांव हैं, जिनमें से 300 गांवों में विकास कार्य पहले ही शुरू हो चुके हैं और क्षेत्र में कुल 20 करोड़ रुपए के कार्य जल्द ही प्रारंभ होंगे। विधायक ने शीतला मंदिर, सामुदायिक भवन और पानी टंकी से पानी सप्लाई की व्यवस्था तत्काल शुरू करवाने की भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने 18 लाख गरीब परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए हैं, जिसका लाभ पक्तिया के लोगों को भी मिलेगा। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



**सरपंच ने रखीं गांव की प्रमुख मांगें-** ग्राम पंचायत की सरपंच लता ध्रुव ने स्वागत भाषण देते हुए गांव के विकास संबंधी कई महत्वपूर्ण मांगे विधायक के सामने रखीं। इन मांगों में स्वास्थ्य केंद्र के चारों ओर आहाता निर्माण (सुरक्षा दीवार) की मांग प्रमुख थी, क्योंकि यह क्षेत्र वन से सटा हुआ है और यहाँ जंगली जानवरों, विशेषकर हाथियों का विचरण बढ़ रहा है। इसके अलावा, पानी टंकी से पानी सप्लाई शुरू करने, हायर सेकेंडरी स्कूल में विषयवार शिक्षकों की कमी को पूरा करने, गौरव पथ के जर्जर सड़क की मरम्मत, मुक्तिधाम में प्रतीक्षालय का निर्माण, शीतला मंदिर का जीर्णोद्धार और गांव के पुराने बस्ती में सीसी रोड निर्माण जैसी मांगें भी शामिल थीं।

## खबर संक्षेप

### सेन समाज महिला प्रकोष्ठ का सावन महोत्सव



**छुरा।** प्रदेश महिला प्रकोष्ठ का सावन महोत्सव रायपुर के वृंदावन हल में मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि हमारे सेन समाज के वैशाली नगर विधायक रिंकेश सेन एवं अतिथि प्रदेश अध्यक्ष हीराधर सेन उपाध्यक्ष, दिनेश सेन कोषाध्यक्ष माखन सेन, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष भूपेन्द्र सेन एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शैल सेन एवं समस्त प्रदेश इकाई रहे, जिसमें छुरा राज से अध्यक्ष भवानी शंकर उपाध्यक्ष गिरधारी सेन कोषाध्यक्ष दिनेश सेन संरक्षक ओंकार सेन सचिव खेमराज सेन एवं हमारे भूतपूर्व अध्यक्ष पहलद सेन पंच श्री चिंता सेन दिनेश सेन एवं हमारे छुरा राज की मातृ शक्ति भी बड़ी संख्या में कार्य क्रम में भाग ली ।

### करकरा में हुआ पौधारोपण



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम पंचायत करकरा में एक पेड़ मां के नाम अनेकों स्थानों पर फलदार एवं छायादार पौधा रोपण किया गया इस अवसर पर सरपंच बहुर सिंह दीवान, उप सरपंच लालबहादुर यादव, ग्रामीण अध्यक्ष भूषण पेटल, ग्राम पटेल मूलचन्द निर्मलकर, आवास मित्र शेखचन्द पटेल, परदेशी राम निषाद, शजन सिंग निषाद, दिनेश साहू, रेखा पटेल उपस्थित थे।

### शिवलिंग पूजन में शामिल हुए देवीचंद

**महासमुंद।** श्रीमद् भागवत आयोजन समिति द्वारा श्रावण मास में जनकल्याणार्थ के लिए सवा लाख पार्थिव शिवलिंग पूजन अभिषेक पंचशील क्लब में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी शामिल होकर भगवान शिव की पूजा की। आयोजन समिति के प्रमुख नगर पुरोहित पंकज महाराज, उनकी पूरी टीम एवं शहर के शामिल नागरिकों को सार्वजनिक जनकल्याण के लिए कराए जा रहे शिव अभिषेक कार्य को सराहा।

### भजन संध्या व सेवा कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपाई

**महासमुंद।** श्रावन मास के अंतिम सोमवार को गंधेश्वर धाम सिरपुर में जल चढ़ाने के लिए श्वेत गंगा बम्हनी से हजारों की संख्या में कांवर यात्री लगातार सिरपुर पहुंचे। शिवभक्तों द्वारा भजन संध्या एवं सेवा के कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षद सीता डोंडेकर, रामेश्वर पटवा, श्यामदास मानिकपुरी शामिल हुए। देवीचंद ने कहा कि श्रावण मास में शहर मिनी बैजनाथ धाम बन जाता है। चारों तरफ भगवा वस्त्रों में कांवरिए दिखाई देते है।

### बोलबम कांवरियों को दवा का वितरण

**महासमुंद।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बोल बम कांवरियों का मलहम पट्टी कर दवा वितरण किया गया। श्वेत गंगा बाबा बम्हनेश्वर नाथ बम्हनी से जल लेकर शिव भक्त बोलबम कांवरिए हजारों की संख्या में पैदल यात्रा करते हुए बाबा गंधेश्वर धाम सिरपुर पहुंचे। जहां भाजपा युवा नेता कमल नारायण साहू एवं एस कुमार साहू (भोरिंग) द्वारा बोल बम कांवरियों को दर्द निवारक दवा वितरण कर उनके पैरों पर पड़े छालों की मलहम पट्टी कर सेवा किया गया।

### खरोरा के तारकेश्वर मंदिर में प्रसाद वितरण

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में सावन महीना के चौथे सोमवार को तारकेश्वर मंदिर में तारकेश्वर महादेव की पूजा अर्चना सुबह 7 बजे किया गया। भक्तों के लिए सावन का महीना बेहद खास होता है। इस महीने में देशभर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिलता है। सनातन धर्म में इस महीने को बहुत ही पवित्र माना गया है। साथ ही यह समय महादेव की आराधना के लिए सर्वोत्तम माना गया है। धार्मिक मान्यता है कि सावन सोमवार पर महादेव की पूजा करने से प्रसन्न हो जाते हैं।

### पर्व : सावन के चौथे सोमवार पर बाबा गरीबनाथ मंदिर में हुई भव्य पूजा-अर्चना

# अंतिम श्रावण सोमवार पर हुआ हर-हर महादेव का जयघोष, हजारों भक्तों ने किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

सावन के चौथे सोमवार को राजिम में बहुत ही भव्य सहस्त्रजलधाराभिषेक कार्यक्रम बाबा गरीबनाथ महादेव मंदिर में हुआ। विधायक रोहित साहू अपने धर्मपत्नी भुनेश्वरी देवी साहू के साथ गर्भगृह में पहुंचकर महादेव की विधिविधान से पूजा करते हुए समूचे राजिम विधानसभा क्षेत्र की खुशहाली सुख समृद्धि के लिए मंगल कामना किया।

इस दौरान विधायक रोहित साहू और उनकी धर्मपत्नी भुनेश्वरी देवी साहू भी लगभग आधा किलोमीटर लंबे बने मानव श्रृंखला में खड़े होकर जलाभिषेक के लिए महानदी के पवित्र जल की बाल्टी को एक हाथ से सरकाते हुए दूसरे हाथो से पहुंचाते रहे। मंदिर के गर्भगृह में पंडितो के मंत्रोच्चारण के बीच बाबा गरीब नाथ महादेव का दोपहर 2 बजे तक अनवरत सहस्त्रजलधाराभिषेक होता रहा। जलधाराभिषेक में राजिम नगर सहित आसपास के कुछेक गांव के भक्तजन भी शामिल हुए। ईधर मेन रोड में सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम मची रही। मंच पर विधायक रोहित साहू,पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव,जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू आदि मौजूद थे।


जलाभिषेक कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समिति के अमर ठाकुर, राजेश सोनकर, समिति के अध्यक्ष सागर निषाद, लाला साहू , सुनील देवांगन, बंटी सहिस, घनश्याम साहू, राजा पारख ,टंकु सोनकर, संदीप जैन, आदर्श राव शिंदे, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, रवि निर्मलकर, सोमनाथ पटेल, राजेश पटेल, राजेश देवांगन, साधु निषाद, प्रदीप जैन, बलराम यादव, सुमित्रा निराला, पूर्णिमा चंद्राकर, अजय पटेल, सुरेश पटेल, कुलेश्वर साहू, भरत यादव, आकाश राजपूत, तुषार कदम, उत्तम निषाद, सहित हजारो भक्त शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि इस दौरान वातावरण बोलबम, हर-हर महादेव के जयकारे से गुंजायमान हो रहा था। सुबह से लेकर देर रात तक दर्शनार्थियों की भारी भीड़ रही। कई हजारों की संख्या में पहुंचे शिवभक्तों को प्रसादी वितरण किया गया।

**मानव श्रृंखला में शामिल होकर बढ़ाया उत्साह**



**विधायक रोहित साहू ने परिवार सहित की पूजा**





### राजिम में होगा 7 करोड़ का काम : विधायक

इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने सावन सोमवार की बधाई देते हुए कहा कि भोलेबाबा हर घर में खुशहाली लाएं। गरीब नाथ बाबा की कृपा छत्तीसगढ़ और राजिम क्षेत्र के लोगों पर बनी रहे। आप लोगों ने अपने बेटे को विधायक बनाया है। डेढ़ वर्ष में ही नगर पंचायत राजिम के लिये 7 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। कुंभ कल्प मेला में कार्य के लिये 44 करोड़ रुपए फोरलेन की स्वीकृति हुआ है।

## फणीकेश्वरनाथ धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

सावन मास के चौथे सोमवार को नगर के प्राचीन ऐतिहासिक मंदिर फणीके"वनाथ मे श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। आसपास ग्राम सहित पंचकोशिय परिक्रमा के तहत आने वाले ग्रामो सहित दूर दूर से श्रद्धालुओं ने फिंगे"वर पहुंचकर भगवान फणीके"वर नाथ पूजा अर्चना की। आज का दिन पूरी तरह सहस्त्र जलाभिशेक को समर्पित रहा। भगवान भोलेनाथ की भक्ति एवं उनके उपर आस्था का वि"वास आज मंदिर परिसर मे देखने को मिला। श्रद्धालुओ ने हाथों मे श्रीफल, बेलपत्र, पुष्प,गंगाजल सहित पंचामृत रखकर मंदिर परिसर मे भगवान भोलेनाथ का जलाभिशेक किया।वहीं पर स्कूली छात्र–छात्रओं ने भी लाइन लगकर एक के बाद एक जलाभिशेक किया।इसी कड़ी मे मंदिर ट्रस्ट के सर्वाकार राजा निलेन्द्र बहादूर सिंह एवं राजकुमार आदित्येन्द्र सिंह ने भी भगवान फणीके"वरनाथ महादेव की पूजा अर्चना कर नगर के खुशहाली की कामना की।श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रांगण मे स्थापित अन्य मदिर शीतला माता मंदिर,पार्वती माता मंदिर एवं पंच मंदिर तथा बालाजी मंदिर मे जाकर भगवान के दर्शन किये। मंदिर मे बोलबम कांवरियों के द्वारा जलाभिशेक किया गया।वहीं पर मंदिर परिसर मे युवाओ के द्वारा भोजन के साथ साथ भोग प्रसादी मे खीर पूड़ी का प्रसाद का वितरण किया। मंदिर परिसर मे आने वाले दूर दूर के श्रद्धालुओं ने भोजन के साथ भोग प्रसादी ग्रहण किया। आज पूरा मंदिर परिसर फणीके"वनाथ महादेव के नारो से गूंज उठा।

# पैरी उद्गम में उमड़े हजारों श्रद्धालु, गूंजे जयकारे



**सावन के अंतिम सोमवार पर भाठीगढ़ शिव मंदिर में भक्तों की भारी भीड़**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

सावन माह के अंतिम सोमवार होने के कारण आज रायपुर,दुर्ग, भिलाई, महासमुंन्द ,बागबाहरा, धमतरी, नगरी, सिहावा, देवभोग, इंदागांव, जिडार, बोईरगांव, शोभा ,गौरगांव और ओडिसा से हजारो की संख्या में शिव भक्त कांवरिया जलाभिषेक करने क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उदगम पहुचें थे एक दिन पूर्व रविवार से ही हजारों श्रध्दालुओं की भींड पैरी उदगम स्थल भाठीगढ में लगी रही आज सुबह ब्रम्ह मुहुर्त से शिव भक्त कांवरिया प्राचीन शिव मंदिर भाठीगढ मे जलाभिषेक ,दुग्ध अभिषेक कर विशेष पुजा अर्चना करते रहे।

सुबह से देर रात तक श्रध्दुलाओं की अपार भींड भाठीगढ शिव मंदिर में लगी रही और कतारबंध्द होकर श्रध्दालु पुजा अर्चना

### दिनभर झमाझम बारिश के बीच भी दिखा भक्तों का उत्साह

किये दिन भर झमाझम बारिश के बीच शिव भक्तो का उत्साह देखते ही बन रहा था चारो तरफ भगवा वस्त्र धारी भगवा ध्वज लेकर बोल बम के जयकारों से पुरा मैनपुर क्षेत्र गुंजता रहा, वही तहसील मुख्यालय मैनपुर से 2 किलोमीटर दुर भुनेश्वर महादेव ,महादेव घाट छुईहा व क्षेत्र के सभी शिव मंदिरों में आज भारी भींड श्रध्दालुओं की लगी रही श्रध्दुलगण भगवान शिव की विशेष पुजा अर्चना कर अपने परिवार क्षेत्र प्रदेश देश में खुशहाली की प्रार्थना किये वही जगह जगह कांवरियो के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी।

**देश के कोने कोने से पहुचते है इस मंदिर में श्रध्दालु** – भाठीगढ स्थित पैरी उदगम पहाडी के नीचे शिव मंदिर काफी प्राचीन है और यहा शिव मंदिर को प्रदेश के प्रमुख शिव मंदिरो में माना जाता है जंहा सावन के पुरे माहभर प्रदेश देश के कोने कोने से हजारो कीं संख्या में श्रध्दालु पहुचते है बताया जाता है इस शिव मंदिर में सभी धर्मो के लोगो की विशेष आस्था है और सभी धर्म समप्रदाय के लोग यहा बडी संख्या में पहुचते है और सच्चे मन से जो भी मनोकामना मांगी जाती है उसे भगवान शिव जरूर पुरा करते है इसलिए हर वर्ष यहा श्रध्दालुओ की संख्या लगातार बढती जा रही है घने जंगल पहाडी के नीचे इस शिव मंदिर का मनोरम दृश्य धार्मिक आस्था के साथ पर्यटकों भी अपनी ओर आकर्षित करता है ।

**पहाड़ी के उपर है मां पैरी का मंदिर**– पैरी उदगम स्थल भाठीगढ शिव मंदिर से महज 500 मीटर की दुरी पर विशाल पहाड है और इसी पहाडी से पैरी उदगम का जन्म हुआ है पहाडी के उपर हजारो फीट उचाई में मंदिर का निर्माण किया गया है और इस मंदिर में पैरी उदगम स्थल है जंहा बारहो माह उदगम स्थल से पानी की धार निकलती रहती है यही पैरी उदगम आगे चलकर राजिम में त्रिवेणी संगम में मिलती है।

**24 घंटा अखण्ड शिवधुनी में पुरा क्षेत्र के लोग उमड़े**– पैरी उदगम भाठीगढ़ में रविवार से सावन झुला अखण्ड शिवधुनी का आयोजन 24 घंटा चला जिसमें पुरे भाठीगढ़ राज के हजारों लोग शामिल हुए जंहा महाभंण्डारा के साथ ही महाप्रसादी की व्यवस्था की गई थी आकर्शक डी.जे लाईटिंग कार्यक्रम के साथ ही महा आरती का आयोजन किया गया।



### नवापारा में 1.53 लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण

**राजिम।** सावन के आखिरी सोमवार को नवापारा शहर के सुप्रसिद्ध श्रीराधाकृष्ण मंदिर में पार्थिव शिवलिंग निर्माण के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर के सर्वराकार मोहन अग्रवाल ने बताया कि भक्तों में इतना उत्साह था कि मानो वे पिछले तीन सोमवार की कमी पूरी कर रहे हों। बच्चे, महिलाएँ और पुरुष सभी इस महान पुण्य कार्य में शामिल होने के लिए मंदिर परिसर में उमड़ पड़े।

कई भक्तों ने एक थाल की बजाय दो से तीन थाल पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया। इसका परिणाम यह हुआ कि आज 1 लाख 53 हजार पार्थिव शिवलिंग का रिकॉर्ड निर्माण हुआ। इसके बाद, पंडित देवेंद्र मिश्रा और संतोष दुबे ने विधि-विधान से दूध, दही, पंचामृत और जल से अभिषेक कराया। इसी दौरान, सालासर समिति के नेमी साहू और उनकी टीम ने भजन प्रस्तुत कर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। महाआरती के बाद भक्तों ने अपने सिर पर शिवलिंग धारण कर गांधी चौक, चांदी चौक और सदर रोड होते हुए महानदी में विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाली। इस दौरान आगे-आगे बैंड-बाजे और ढोल-ताशे बज रहे थे, जबकि पीछे भक्तों की टोली नाचते-झूमते चल रही थी। यह दृश्य भक्ति और आस्था से भरा हुआ था।

विशाल भोजन प्रसादी का आयोजन विसर्जन के बाद, मंदिर परिसर में विशाल भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई थी, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। दद्दा शिष्य मंडल और राधाकृष्ण मंदिर ट्रस्ट ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी भक्तों, दानदाताओं, विद्युत विभाग, नगर पालिका और पुलिस प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक था, बल्कि इसने सामाजिक सौहार्द और एकजुटता का भी संदेश दिया।

### सामुदायिक भवन के मेगा हेल्थ कैम्प में 450 बच्चों का हुआ इलाज

# कुपोषित बच्चों के लिए लगाया गया मेगा हेल्थ कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले को कुपोशण मुक्त करने तथा बच्चों को बेहतर देखभाल के लिए गरियाबंद कलेक्टर श्री बीएस उइके के निर्देशानुसार मैनपुर सामुदायिक भवन में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया, जहां डॉ अशोक भट्टर से बच्चों का इलाज कराने दूरस्त वनांचल क्षेत्रे से सैकड़ो की संख्या में पालक अपने बच्चों को लेकर पहुंचे और इलाज के बाद पालको के चेहरे में अलग सी मुस्कान देखने को मिली।

इस विशेष स्वास्थ्य शिविर में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक भट्टर एवं उनकी 20 सदस्यों की मेडिकल टीम द्वारा मैनपुर एवं आसपास क्षेत्र के लगभग 450 बच्चों का स्वास्थ्य जांच एवं ईलाज किया गया। साथ ही बच्चों के पालकों को बच्चों के बेहतर देखभाल एवं कुपोषण को दूर करने खानपान से संबंधित आवश्यक सलाह भी दिया गया। शिविर में बच्चों का वजन माप, वृद्धि चार्ट एवं आवश्यक मापदण्डों में पंजीयन किया गया। इस आधार पर डॉ भट्टर ने बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति की जांच कर आवश्यक ईलाज एवं देखभाल के लिए सुझाव दिया। स्वास्थ्य टीम द्वारा निःशुल्क दवाईयों का भी वितरण किया गया। मेगा हेल्थ कैंप में कलेक्टर श्री बी. एस. उईके ने पहुंचकर बच्चों का किए जा रहे स्वास्थ्य जांच का अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने की अपील ग्रामीणों से की।

**ये रहे मौजूद**– मेगा हेल्थ शिविर कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोश यादव, ग्राम पंचायत मैनपुर के उपसरपंच अनीश सोलंकी, वरिष्ठ पत्रकार शेख हसन खान, डॉ. संजय शर्मा, एसडीएम तुलसीदास मरकाम, सीईओ जनपद पंचायत मैनपुर सुश्री श्वेता वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अशोक पाण्डेय मैनपुर परियोजना अधिकारी श्री पीआर ठाकुर, चन्द्रहास साहू, बीएमओ गजेन्द्र ध्रुव, ऐश्वर्या यादव, अहिल्या सहित विभागीय अधिकारी–कर्मचारी एवं मेडिकल टीम मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन यशवंत बघेल ने किया।



### अतुल पाण्डेय ने तीन कुपोशित बच्चों को लिया गोद

इस दौरान डीपीओ अशोक पांडे के पुत्र अतुल आनंद पांडे ने कमार जनजाति के 3 कुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार सहायता के लिए गोद लिया। इस उत्तम कार्य के लिए कलेक्टर श्री उईके ने गुलदस्ता भेंट कर उन्हें शाबाशी दी।

